कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–संरक्षण)
सतपुडा भवन म0प्र0 भोपाल
Tel. (office) 2674212 (Fax) 2551450, E-mail: apccfprot@mp.gov.in

क्रमांक एफ–08/10–10/2011/1916 भोपाल, दिनांक/7/6/2011

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय),

मध्यप्रदेश।

विषयः–मानसून में विशेष सुरक्षा अभियान।

जैसा कि आपको विदित ही है कि वर्षाकाल प्रारम्भ हो चुका है और इस मौसम में कई वन क्षेत्र इस तरह के रहते हैं जहां कि आवागमन 4–5 माह तक बन्द हो जाता है। इस तरह के वन क्षेत्रों में वन अपराध, अतिक्रमण, अवैध शिकार एवं अवैध कटाई की घटनायें आसानी से घटित हो सकती हैं। अभी हाल ही में छिन्दवाड़ा और नरसिंहपुर जिलों से लगे हुये वन क्षेत्रों में इस तरह के वन अपराध घटित हुये हैं। अतः वन अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिये निम्न निर्देश दिये जाते हैं :–

1– प्रत्येक मुख्य वन संरक्षक अपने–अपने वन वृत्तों में इस तरह के संवेदनशील और वर्षाकाल में आवागमन से कट जाने वाले वन क्षेत्रों की पहचान करें।

2– इन वन क्षेत्रों में पैदल गस्ती सुनिश्चित करायें। इस हेतु टीमों का गठन करें।

3– गठित टीमें अपना कार्य सुचारू तरीके से कर रही हैं अथवा नहीं, इसकी समय–समय पर समीक्षा करते रहें और इस तरह के निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भी दें।

4– प्रत्येक मुख्य वन संरक्षक की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को 15 जुलाई, 2011 तक अनिवार्य रूप से जानकारी दें कि उन्होंने अपने वृत्त में वर्षाकाल में अवैध वन अपराधों के लिये संवेदनशील वन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिये विशेष अभियान हेतु क्या उपाय किये हैं।

17/6/2011

(सुहास कुमार)

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण)

मध्यप्रदेश भोपाल

D:\mp data\drive e\Prajapati-1\CCF (prot) 10